बूंदी में जिला अध्यक्ष चयन के लिए कांग्रेस की बैठक हुई

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए राहुल गांधी के नजरिए से जो संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा हैं, वो वह कांग्रेस की पुरानी परिपाटी पर ही लौटता हुआ नजर आया है।

इस अभियान में पुरानी परिपाटी को बदलते हुए नई सोच के साथ जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी की राय लेकर सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष का चयन पर्यवेक्षकों की राय पर किया जाना है। जब इस इस संगठन सृजन अभियान की शुरुआत हुई थी तो कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और नेताओं में खासा उत्साह था। वर्षों से जमीनी स्तर पर काम कर रहे आम पदाधिकारी में उम्मीद जगी थी कि इस अभियान के चलते उनको भी संगठन नेतृत्व की जिम्मेदारी मिल सकती है।

इसी सोच के साथ कांग्रेस के यह जुझारू और कर्मठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरी शिद्दत से अपनी दावेदारी को मजबूत करने में जुट गए थे। लेकिन जैसे-जैसे यह अभियान आगे बढ़ता गया वैसे-वैसे कार्यकर्ता और पदाधिकारी पूरे माहौल को देखकर महसूस करने लगे कि उनको एक बार फिर भ्रम में रखकर कांग्रेस जिला अध्यक्ष का चयन कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में किसी शायर की कही हुई यह यह पंक्तियां की 'तुम भी बड़े सादा हो हर बार वहीं चाल चलते हो, हम भी बड़े सादा हैं उसी चाल में फंसते हैं' कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान पर सटीक बैठती हैं।

विधायक और पूर्व विधायक में हुई तकरार:- बूंदी में जिला अध्यक्ष चयन को लेकर पर्यवेक्षकों के द्वारा राय लेने के लिए बैठक ली गई। बताया जा रहा है कि इस बैठक से पूर्व ही हिंडोली विधायक अशोक चांदना और कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के मध्य जमकर तकरार हुई हैं। बताया जा रहा है कि प्रहलाद गुंजल ने नए चेहरों को जिम्मेदारी देने की बात उठाई तो हिंडोली विधायक अशोक चांदना ने कह दिया कि अब क्या बीजेपी से आने वाले लोग यह बताएंगे कि कांग्रेस संगठन कैसे चलाए। इसके बाद दोनों के मध्य जबरदस्त शाब्दिक टकराव हुआ। जिसे बड़े नेताओं ने मध्यस्थत कर शांत करवाया। इसके बाद प्रहलाद गुंजल होटल से निकल गए और बैठक में भी नहीं पहुंचे।

नए चेहरे को क्यों नहीं देते मौका:- कोटा जिला कांग्रेस अध्यक्ष के लिए इस अभियान को लेकर चल रही रायशुमारी में बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपनी-अपनी राय देने पर्यवेक्षकों तक पहुंचे थे।ऐसे में जिला कांग्रेस कार्यालय में दबे स्वर में पदाधिकारी ये कहने लगे हैं कि संगठन का नेतृत्व नए चेहरे को क्यों नहीं सौंपा जा रहा हैं। कांग्रेस के एक पदाधिकारी का कहना है कि हर बार उन्हीं लोगों को क्यों महत्व दिया जा रहा है जो विधानसभा का चुनाव लड चुके हैं और भारी मतों से हार भी चुके हैं। या फिर ऐसे लोगों को क्यों हमेशा आगे बढ़ाया जा रहा है जो दो बार विधानसभा चुनाव लड़कर हार चुके हैं और प्रदेश स्तर पर संगठन का नेतृत्व मिलने के बावजूद संघर्ष की कोई खास मिसाल पेश नहीं कर पाए हैं। विधानसभा चुनाव में लगातार हार झेल चुके नेता कैसे संगठन को मजबूत कर पाएंगे।

- 'तुम भी बड़े सादा हो हर बार वहीं चाल चलते हो, हम भी बड़े सादा हैं उसी चाल में फंसते हैं'
- 'कोटा में कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान पर यह पंक्तियां सटीक बैठती नजर आती हैं'

पर्यवेक्षक भी बड़े नेताओं के प्रभाव में नजर आए:- कोटा-बूंदी जिले में जिला अध्यक्षों के पैनल को तैयार करने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लगाए गए पर्यवेक्षक शुरुआत से ही बड़े नेताओं और पदाधिकारी के प्रभाव में नजर आए। आम कार्यकर्ता से रायशुमारी की गाईडलाईन तो थी परंतु यह रायशुमारी बड़े नेताओं और पदाधिकारी तक ही सीमित होती नजर आई। कार्यक्रमों में पर्यवेक्षक बड़े नेताओं के साथ ही बैठे हुए नजर आऐं। अभियान की शुरुआत से अंत तक पर्यवेक्षक बड़े नेताओं और पदाधिकारी से घिरे रहे। ऐसे में जमीनी स्तर पर मजबूत दावेदारों को तो इस बात का संशय है कि उनके पक्ष में आई आम कार्यकर्ता की राय को कहीं नजर अंदाज न कर दिया गया हो।

मजेदार बात यह है कि पर्यवेक्षकों को जो 6 दावेदारों का पैनल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को सौंपना है उसे डिस्क्लोज नहीं किया जाएगा। ऐसे में आम कार्यकर्ता और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मठ पदाधिकारी इस संशय में है कि कार्यकर्ताओं में उनकी दावेदारी मजबूत होने के बावजूद क्या उनके नाम को पैनल में शामिल किया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बड़े नेताओं और दावेदारों ने अपनी दावेदारी को खुद के पक्ष में बदलने के लिए जयपुर और दिल्ली में लाईजनिंग भी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास पहुंचने वाले 6 दावेदारों के पैनल में से तीन नाम का पैनल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पास भेजा जाएगा और इन्हीं तीन नाम में से कोई एक जिला अध्यक्ष होगा।

अब ऐसी स्थिति में यह कहा जा रहा है कि जब प्रदेश कांग्रेस से ही राय लेकर अंतिम निर्णय लिया जाना है तो फिर संगठन सृजन अभियान का क्या मतलब रह जाता है। राजनीतिक विश्लेषकों का यह कहना है कि अगर इस अभियान को सार्थक करना था तो जो पैनल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पास पहुंचना है पैनल के नाम को जमीनी स्तर पर क्रॉस चेक करना चाहिऐं। अगर विकल्प के साथ क्रॉस चेक किया जाएगा तो संभव है कि बेहतर परिणाम सामने आऐं। लेकिन इससे पहले ईमानदारी से पैनल तैयार करने की आवश्यकता हैं। अन्य नाम का ब्लॉक खाली करके भी नया नाम जोड़ा जा सकता है। ताकि अगर किसी मजबूत दावेदार राजनीति का शिकार हो गया हो तो उसकी दावेदारी पुन: ऊपर तक पहुंच सकें। और पर्यवेक्षकों के कार्य का और ईमानदारी का भी मूल्यांकन हो जाए।

युवती के सुसाईड में पुलिस ने मामला दर्ज किया

कोटा, (निसं)। नयापुरा इलाके में एक होटल के कमरे में युवती के सुसाईड़ के मामले में नया मोड़ सामने आया है, मृतका के परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिये उकसाने का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार केलवाड़ा से मृतका के परिजनों के कोटा पहुंचने पर मृतका के परिजनों ने एमबीएस पोस्टमार्टम रूम के बाहर मृतका द्वारा किये गये सुसाईड पर शंका जताते हुए हंगामा किया, मौके पर मौजूद पुलिस ने परिजनों से समझाईश कर मामले का शांत कराया। नयापुरा थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि केलवाड़ा निवासी 12वीं कक्षा की छात्रा 10 अक्टुबर को नयापुरा के एक होटल में रूकी थी, 11 अक्टुबर को चेकआउट के समय दरवाजा नही खोलने पर होटल वालो ने पुलिस को सूचना दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो दरवाजा तोड़कर देखा तो छात्रा कमरे में फंदे पर लटकी मिली थी। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनो को सौंप दिया है, मृतका के परिजनों की रिपोर्ट पर आत्महत्या के लिये उकसाने की धारा में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान किया जा रहा हैं।

किसान और व्यापारी हित सर्वोपरि : अध्यक्ष कालरा

छबड़ा (निसं)। व्यापारियों एवं किसानों को बेहतर सुविधा देना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। कृषकों की आय बढ़ाने और व्यापारियों के लिए अच्छी सुविधा देने के लिए वह कटिबंध है। ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशन कालरा शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। नीमथुर मंदिर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता हिम्मतसिंह सिंघवी ने अध्यक्ष कालरा व महामंत्री गिरधारी साहू सहित अन्य पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण करवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यवसायी व पूर्व अध्यक्ष प्रकाशचंद जैन ने की। मंचासीन अतिथियों के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन, बापचा मण्डल अध्यक्ष हेमराज लोधा, सेमली मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद नागर मौजूद रहे। अध्यक्ष कालरा ने कहा कि छबडा कृषि उपज मंडी समिति में यहां ही नही बल्कि एमपी के किसान रोजाना बड़ी संख्या में अपनी-अपनी कृषि जिंसों को लेकर पहुंचते हैं। इसलिए यह मंडी व्यापार का एक बडा केंद्र भी है।

- छबड़ा मेंग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ

इसलिए मंडी के प्रत्येक किसान, व्यापारी व हम्माल से जुड़ी समस्या का निराकरण करना उनका नैतिक दायित्व है, इसलिए प्राथमिकता से समस्या निराकरण ही उनका मुख्य धेय्य है। अध्यक्ष कालरा सहित सम्पूर्ण दायित्ववान पदाधिकारियो ने व्यापारियों व किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ चलने के लिए हमेशा तत्पर है। यहां मंचासीन अतिथियो ने कालरा के तत्कालीन कार्यकाल की सरहाना भी की। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष हुकमचंद जैन, रामदयाल शर्मा, उपाध्यक्ष पुनीत गालव, कुणाल धनोरिया, केदार सुमन, निर्मला देवी सिंघल, शाहिद खान, सतीश साहू, रघुवीर धाकड़ को भी सिंघवी द्वारा शपथ ग्रहण करवाई। इस अवसर पर यहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, व्यापारी, आमजन, किसान मौजूद रहे।

पोषण किट वितरित किये

कोटा, (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के नेतृत्व में सांगोद विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे सुपोषित मां अभियान के तहत रविवार को बपावर भाजपा मण्डल की विभिन्न ग्राम पंचायतों में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किए गए। उल्लेखनीय है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से अभियान संचालित किया जा रहा है। बपावर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा ने बताया कि रविवार को दीगोद, दिल्लीपुरा, लटूरी, मोईकलां, बपावर, लबानिया, खड़िया में पोषण किट का वितरण किया गया। अभियान के तहत् सांगोद विधानसभा की पंजीकृत 1500 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण किए जा रहे हैं।

सार-समाचार

सत्यनारायण शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत

रामगंजमण्डी, (निसं)। राजस्थान प्रांतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण सभा कोटा सम्भाग के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गौतम ने महामंत्री सत्यप्रकाश शर्मा की सहमति से सत्यनारायण शर्मा रामगंजमण्डी को कोटा संभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। गौतम ने बताया कि शर्मा की संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण और उत्कर्ष नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखते हुए उन्हें कोटा संभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। साथ ही गौतम ने शर्मा के प्रति विश्वास जताया है की शर्मा अपने अनुभव कर्मठता और समाज के प्रति अपनी सेवा भावना एवं संगठन के कार्य को और अधिक सशक्त एवं प्रभावशाली बनायेंगे तथा अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए भी पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगें। गौतम ने शर्मा को उनके उज्जवल भविष्य एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं भी प्रेषित की हैं। शर्मा इससे पूर्व विशेष आमंत्रित सदस्य विप्र फाउंडेशन राजस्थान,अध्यक्ष गुर्जरगौड़ ब्राह्मण खैराबाद (कोटा) का दायित्व सम्भाल चुके हैं। वहीं शर्मा अपने शुभ विवाह की 51वीं वर्षगाँठ पर नेत्रदान की भी घोषणा कर चुके हैं। शर्मा को राजस्थान प्रांतीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण सभा कोटा सम्भाग का वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर रामकिशन शर्मा, रामचरण शर्मा, श्याम मनोहर शर्मा, नर्बदा शंकर शर्मा, विजय गौतम, रविन्द्र पंचौली, बजरंगलाल जोशी, गिरिराज शर्मा, मुरली मनोहर शर्मा, सतीश कुमार आचार्य,मधुसूदन शर्मा, त्रिलोक चौबे, पंडित पुरषोत्तम, भूपेन्द्र शर्मा, रामराज टाटा, जगदीश चौबे, जगदीश शर्मा, नरेश कुमार शर्मा, श्याम गौतम, रघुनन्दन शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, विकास मस्ताना, शिवचरण गौतम, जितेन्द्र जोशी व दुर्गालाल मीणा सहित रामगंजमण्डी और खैराबाद एवं क्षेत्रीय गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाजबंधुओं ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए शर्मा को बधाई दी तथा संगठन के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गौतम सहित सभी पदाधिकारियों का आभार जताया।

आत्मनिर्भर भारत एक अभूतपूर्व पहल

छबड़ा (निसं)। भाजपा की एक बैठक नीमथुर बालाजी मंदिर पर आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सत्यनारायण मित्तल, गिर्राज नागर और सुरेंद्र मेरठ ने शिरकत की। बैठक को वक्ताओं ने संबोधित करते हुए बताया कि आत्मनिर्भर भारत एक सरकारी पहल है, जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू की गई है। इसका उद्देश्य स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना, रोज़गार सृजित करना और विभिन्न क्षेत्रों में भारत की आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है। इस योजना में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए वित्तीय सहायता, बुनियादी ढांचे में निवेश, कृषि सुधार और रक्षा जैसे क्षेत्रों में स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा देना शामिल है। यहां कार्यकर्ताओं ने छबड़ा मण्डी में नवनियुक्त अध्यक्ष किशन कालरा का माला पहनाकर कर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन, सेमली अध्यक्ष रामप्रसाद नागर, बापचा अध्यक्ष हेमराज लोधा, महामंत्री आशीष गालव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सीपी गेरा, निरंजन शर्मा, अशोक गौड़, पूर्व पालिकाध्यक्ष भंवरलाल वर्मा, पूर्व पार्षद रोहित अरोड़ा, पूर्व महामंत्री भगवती प्रसाद वर्मा, रामस्वरूप गुर्जर, अजय लोधा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष मोरसिंह गुर्जर आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आसावत का निम्स में व्याख्यान

कोटा, (निसं)। पेटेंट अटॉर्नी विकास आसावत मिनिस्ट्री ऑफ़ एजुकेशन (इंस्टिट्यूट इनोवेशन कॉउन्सिल) भारत सरकार व नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (डीम्ड यूनिवर्सिटी) मुंबई के शिरपुर कैंपस द्वारा आयोजित एसेंशियल ऑफ़ आईपीआर फॉर यंग एंटरप्रेन्योर सिम्पोजियम में इंजीनियरिंग व मेडिसिन क्षेत्र में नवीनतम गाईडलाईन्स व पेटेंट ड्राफ्टिंग विषय पर आमंत्रित वार्ता में प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल हुए। आसावत ने बताया कि उनका व्याख्यान इंजीनियरिंग क्षेत्र विशेषकर कंप्यूटर विज्ञान, आर्टिफिशल इंटेलीजेंस क्षेत्र में बढ़ते पेटेंट आवदेन को ध्यान में रखते हुए नवीनतम डिस्क्लोसर गाइडलाइन्स पर केंद्रित था। उन्होंने बताया कि हाल ही में भारत सरकार द्वारा जारी कंप्यूटर रिलेटेड इन्वेंशंस के साथ-साथ आयुर्वेदिक नवाचार के परीक्षण दिशा-निर्देश जारी होने से इन क्षेत्रों में इनोवेशन एंड पेटेंट्स को गति मिलेगी। सत्र के बाद संस्थान की निदेशक प्रोफेसर डॉ.सुनीता पाटिल ने उन्हें सम्मानित किया।

दीपावली किट वितरण कार्यक्रम

कोटा, (निसं)। दीपावली महापर्व के अवसर पर गिरधर गोपाल राजमल सर्राफ चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से ''खुशियों वाली दीपावली'' थीम पर विशेष सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट के ट्रस्टी देवांग गोयल व महिमा गोयल ने बताया कि जाति, धर्म और पंथ से ऊपर उठकर सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए ट्रस्ट की ओर से श्री गोविन्द गुरु घुमंतु छात्रावास के 50 बच्चों तथा गोबरिया बावड़ी स्थित सेवा बस्तियों के बच्चों को दीपावली किट वितरित की गई। इन किटों में मिठाई, दीपक, तेल, फुलझड़ी सहित दीपावली से जुड़े अन्य सामग्री रखी गई थी। इस अवसर पर जेसीआई कोटा स्टार के अध्यक्ष तनुज खंडेलवाल व चैयरपर्सन रितु खंडेलवाल ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आनंद और अपनापन फैलाते हैं। कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव संजय गोयल, सुनीता गोयल, महिमा गोयल, शीवी खंडेलवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

आर्थराइटिस को हराने के लिए सड़क पर दौड़

कोटा, (निसं)। सीनियर जॉइंट रिप्लेसमेंट एवं लिगामेंट विशेषज्ञ डॉ. दुर्गा शंकर ढिल्लन एवं कोटा हार्ट इंस्टिट्यूट ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल की टीम ने विश्व आर्थराइटिस दिवस 12 अक्टूबर के उपलक्ष्य में कोटा शहर में वाक फॉर पैन फ्री जॉइंट का आयोजन किया गया। वॉक के बाद पेशेंट-डॉक्टर इंटरसेक्शन सेशन भी हुआ, जिसमे प्रतिभागियों ने जोड़ प्रत्यारोपण के बाद जीवन के एक नए अध्याय की शुरुआत के अपने अनुभव साझा किए। श्रीजी हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ. राकेश जिंदल, डॉ.नीता जिंदल और सीनियर लेप्रोस्कोपी सर्जन डॉ.सी.पी. सिंह ने वॉकथोन का शुभारम्भ हरा झंडा दिखाकर किया।

अधेड़ की तबियत बिगड़ी

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर इलाके में एक अधेड की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार संजय नगर निवासी महेन्द्र कुमार (45) की तबियत बिगड़ने पर उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

छात्राओं को मेले का भ्रमण कराया

कोटा, (निसं)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, तलवंडी की लगभग 100 छात्राओं ने विद्यालय स्टाफ के साथ कोटा दशहरा मेला का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह यात्रा विद्यालय परिसर से ही बसों द्वारा आरंभ हुई और छात्राओं को सुरक्षित रूप से वहीं वापस छोड़ा गया। पूरे कार्यक्रम में शिक्षा और अनुभव का सुंदर संगम देखने को मिला। कोटा दशहरा मेला अध्यक्ष विवेक राजवंशी के सौजन्य से यह आयोजन संपन्न हुआ। छात्राओं ने मेले में सर्कस, झूले, जीएसटी प्रदर्शनी, शैक्षणिक मॉडल्स और श्रीराम मंदिर से जुड़े सांस्कृतिक दृश्य देखे। इससे उन्हें न केवल मनोरंजन मिला, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक ज्ञान में भी वृद्धि हुई। कोटा दशहरा मेला अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने कहा कि ऐसे भ्रमण बालिकाओं को जीवन की व्यावहारिकता और शिक्षा की जीवंतता से जोड़ते हैं।

राजमाता विजयराजे सिंधिया की जयंती सादगी से मनाई

कोटा, (निसं)। भाजपा की संस्थापक सदस्य राजमाता विजयराजे सिंधिया की जयंती गोविन्द सिंह परमान की अध्यक्षता में राजमाता विजया राजे सिंधिया स्मृति संस्थान की ओर से भाजपा के कार्याकत्ताओं के साथ कोटा में उनकी प्रतिमा स्थल सीवी गार्डन नयापुरा पर सादगी से मनाई गई, संस्थान के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने बताया कि इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यक्रताओं के साथ श्रीकृष्ण गौशाला में प्रात: आठ बजे गौ-माताओं को हरा चारा खिलाकर उनके अमर होने की कामना करते हुए दोपहर बारह बजे उनके प्रतिमा स्थल पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं सहित संस्थान के पदाधिकारियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया, इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में यूआईटी के पूर्व चैयरमैन एवं सस्थान के संरक्षक रामकुमार मेहता ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा की आज जो भाजपा का स्वरूप दिखाई दे रहा है उसको मजबूत करने में राजमाता की महत्वपूर्ण भूमिका रही, उनको जब सर्वसम्मति से भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया तो उन्होने अपने स्थान पर अटल बिहारी वाजपेई को भाजपा का प्रथम अध्यक्ष बनवाया।

संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष एवं राजस्थान ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा (रम्मू पंडित) ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की वर्ष 1971 में पूरे देश में जबरदस्त इंदिरा लहर होने के बावजूद जनसंघ से ग्वालियर क्षेत्र की तीनों सीटों पर जीत हासिल की, उन्होने कहा की राजमाता ने जितनी धनराशि जनसंघ व भाजपा पार्टी को खड़ा करने बाबत् दी शायद ही आज तक किसी भी भाजपा नेता ने नही दी।

संस्थान के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित, संस्थान के सभांगीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़, संभागीय महामंत्री शशि कर चरोरा, राष्ट्रीय कवि निशा मुनी गौड़, जिलाध्यक्ष एडवोकेट नरेश शर्मा, खानपुर की पूर्व प्रधान अरूणा मीणा, दिशांत शर्मा, रामावतार शर्मा, राकेश गौतम, विशंभर दयाल धाकड़, रामदयाल मालव, रामविलास मेहता, रामनिवास मेहता, रिजवान अंसारी, जितेन्द गौतम, मनोज अग्रवाल, रामावतार गौतम, रोहित कुशवाहा सहित उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार प्रकट किए।

आज तीन घण्टे विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

रामगंजमण्डी, (निसं)। मोड़क क्षेत्र के फतेहपुर जीएसएस से जुड़े 11केवी फीडर मोड़क स्टेशन पर मरम्मत एवं रखरखाव कार्य हेतु 13 अक्टूबर सोमवार से 17 अक्टूबर शुक्रवार तक सुबह 9.00 बजे से 12 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान मोड़क स्टेशन और छापलडा की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी तथा औद्योगिक क्षेत्र रीको गुण्दी फतेहपुर जीएसएस से जुड़े 11केवी फीडर जय भवानी पर मरम्मत एवं रख-रखाव कार्य हेतु 13 अक्टूबर सोमवार को सुबह 7.00 बजे से 10.00 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इस दौरान जय भवानी फीडर से जुड़े सभी औद्योगिक इकाइयों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त जानकारी परमजीत सिंह तंवर कनिष्ठ अभियंता जयपुर डिस्कॉम मोड़क ने दी।

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता की पहली अनुसूची संख्या 4)

नाम अदालत पारिवारिक न्यायाधीश क्रम-3 कोटा (राज.)
दिनेश कुमार विरूद्ध श्रीमती प्रियंका मेघवाल
वाद/प्रार्थना-पत्र 602/2023
प्रार्थना संख्या धारा 13
हिन्दू विवाह अधिनियम

नाम श्रीमती प्रियंका मेघवाल पुत्री स्व. श्री हेमराज पत्नी दिनेश कुमार मेघवाल जाति मेघवाल पता गुरुद्वारा के पीछे भगत सिंह कालोनी केशोराय पाटन जिला बून्दी (राज.)

उक्त प्रार्थी ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि.....

अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिये ता. 17 मास 10 सन् 2025 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्पर्क रूप से अनुदेश दिया गया हो उपसंज्ञात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप में किया जावेगा। यह आज ता. 08 मास 10 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञानुसार
वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय क्रम-3 कोटा

शिक्षा सहकारी 696 का लाभांश वितरण आज और कल बारां में

कोटा, (निसं)। शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सरकारी सभा 696 आर. कोटा बारां ने वर्ष 2024- 25 में 4 करोड़ 55 लाख 58 हजार 127 रु का शुद्ध लाभ अर्जित किया है। विभिन्न कोष प्रावधान के बाद 2 करोड़ 41 लाख 79 हजार 295 रुपए का लाभ सदस्यों के बीच में वितरित होगा। यह जानकारी शिक्षा सहकारी के अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल ने एक प्रेस बयान में दी।

संस्था के अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल एवं मंत्री जमनालाल गुर्जर ने बताया कि शिक्षा सहकारी ने वर्ष 2024-25 में 4 करोड़ 55 लाख 58 हजार 127 का शुद्ध लाभ कमाया है। जिसमें सुरक्षित कोष, जनहित कोष, लाभ समानीकरण कोष, शिक्षा कोष सहित विभिन्न प्रावधानों में 2 करोड़ 13 लाख 78 हजार 832 रु की व्यवस्था करने के उपरांत 2 करोड़ 41 लाख 79 हजार 295 रुपए का लाभ सदस्यों के बीच वितरीत होगा। लाभांश वितरण 13 एवं 14 अक्टूबर को बारां स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा रोड़ बारां में तथा 15 से 17 अक्टूबर को राजकीय महात्मा गांधी (मल्टीपरपज) उच्च माध्यमिक विद्यालय गुमानपुरा में प्रात: 10.30 बजे से 4.30 बजे तक वितरित होगा।

अध्यक्ष प्रकाश जायसवाल एवं उपाध्यक्ष महेंद्र नागर ने बताया कि वर्तमान संचालक मंडल का प्रयास रहा है कि सदस्यों के सम्मान एवं उनके तथा संस्था के हितों की रक्षा करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त ईमानदारी पूर्वक संस्था का संचालन पहली प्राथमिकता हो और इसी भावना से काम करते हुए संस्था एवं सदस्य हितों के लिए काम कर रहे हैं। डिफॉल्टर से वसूली एवं मितव्ययिता के साथ संस्था संचालन की दिशा में भी संचालक मंडल अच्छा प्रयास कर रहा हैं। जिसमें संचालक गायत्री मीणा, राजमल मीणा, अनुराधा शर्मा, पूनम गौतम, कमल कुमार शर्मा, रवि गौतम, दिनेश कुमार मीणा, धर्मेंद्र मेघवाल, शिवराज गोचर, दिनेश नागर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जायसवाल ने बताया कि वर्तमान संचालक मंडल खेल कूद एवं स्काउट गाइड संचालन को बढ़ावा देने का कार्य करने के साथ विद्यालयों में संसाधन उपलब्ध करवाने की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इसी के साथ साथ अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत जहां वन व वन्य जीव संरक्षण, सड़क सुरक्षा, बाल विवाह उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्द्धन, जल संरक्षण, रक्तदान, स्वच्छता की दिशा में भी संचालक मंडल ने अच्छा काम करना प्रारंभ किया है। जायसवाल ने बताया कि संचालक मंडल ने आने वाले समय में वर्षों से धूल फांक रही डॉ.राधाकृष्णन की प्रतिमा को शिक्षा सहकारी के परिसर में स्थापित करने का निर्णय किया है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से संस्था ने अभी तक सीबीइओ सुल्तानपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बंबोरी, पलसावा एवं वन विभाग जगपुरा में पौधारोपण किया और करवाया है।

'स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव' का आयोजन

कोटा, (निसं)। राजस्थान: भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा ''स्टेकहोल्डर्स कॉन्क्लेव '' का आयोजन 12 अक्टूबर 2025 को , कोटा में किया गया। यह आयोजन विश्व मानक दिवस 2025 के अवसर पर आयोजित हुआ जो, हर साल अंतरराष्ट्रीय मानकों के महत्व और उनकी भूमिका को बढावा देने के लिए मनाया जाता है। इस कॉन्क्लेव में हीरालाल नागर, माननीय राज्य मंत्री, ऊर्जा विभाग, राजस्थान सरकार, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए उन्होंने बताया कि, यह एक अवसर है सोचने का कि कैसे मानक हमारे जीवन, उद्योग और समाज को बेहतर बनाते हैं और कैसे वे हमें सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। माननीय मंत्री जी ने के द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। मार्क उत्पाद, उपभोक्ता के लिए कितने महत्वपूर्ण है, इस बात को भी उपस्थित स्टेकहोल्डर्स के साथ साझा किया। बताया कि राजस्थान सरकार गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की उपलब्धता के लिए कटिबद्ध है। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया की भविष्य में राजस्थान सरकार, के साथ मिलकर इस गुणवत्ता मिशन को और आगे बढाएगी।

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का एक नवरत्न उपक्रम)

निविदा सूचना (केवल ई-निविदा माध्यम से)

आईसीडी/कोटा (राजस्थान) में सबस्टेशन और विद्युत प्रतिष्ठानों से संबंधित सेवाओं के लिए 36 महीनों के लिए एकल बोली प्रणाली में ऑनलाइन निविदाएँ केवल ई-निविदा माध्यम से आमंत्रित की जाती है। बोली दस्तावेज केवल वेबसाइट (www.tenderwizard.com/CCIL) से ऑनलाइन माध्यम से 1000/- रुपये का भुगतान करने के बाद ही डाउनलोड किया जा सकता है।

निविदा संख्या	CON/AREA-1/TECH/ELECT/KOTA/2025-26
अनुमानित लागत	रु. 29,90,223/- (जीएसटी सहित)
अनुबंध की अवधि	36 माह (24 माह+12 माह) (धारा-II के खंड-6 के अनुसार)
बयाना राशि जमा*	रु. 59,804/- (ई-भुगतान के माध्यम से) धारा-I के खंड 2.1 (ए) के अनुसार
निविदा दस्तावेज की लागत*	रु. 1,000/- सभी करों और शुल्कों सहित, ई-भुगतान के माध्यम से
निविदा प्रसंस्करण शुल्क*	रु. 1,764/- (18% जीएसटी सहित) ई-भुगतान के माध्यम से, जो वापस नहीं किया जाएगा
निविदा बिक्री की तिथि (ऑनलाइन)	13.10.2025 (15:00 बजे) से 02.11.2025 (16:00 बजे तक)
निविदा जमा करने की तिथि और समय	03.11.2025 को 15:00 बजे त